卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 250 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦17 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462

## भीषण गर्मी ले रही जान, बलिया जिले 72 घंटे में 74 लोगों की मौत



बलिया (उद ब्यूरो)। गर्मी का प्रकोप इतना विकराल हो गया है कि अब लोगों की जान मुश्किल में है। प्रचंड गर्मी और लू के बीच बलिया जिला अस्पताल के आंकड़े डराने वाले हैं। आकंड़ों के मुताबिक, बीते तीन दिन में ही हीट स्ट्रोक से 74 लोगों की मौत हुई है। इन मौतों ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। बलिया जिले में पिछले दो दिन से 43-44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर तापमान चल रहा है। डायरिया और लू के मरीजों से सरकारी व निजी अस्पताल के बेड फुल हो गए हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में आने वाले अधिकतर मरीजों की मौत हो जा रही है। शुक्रवार सुबह से देर रात तक 25 मरीजों की मौत हुई। इस सप्ताह सबसे ज्यादा मौत 31 गुरुवार को हुई। जिला अस्पताल की इमरजेंसी और वार्डों में भर्ती मरीजों की अचानक मौत की संख्या में इजाफा होने के कारण निःशुल्क शव वाहन तक नहीं मिले। लोगों को निजी वाहनों से शव लेकर जाना पड़ा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एक सप्ताह में 101 मौत हुई है। कर्मचारियों के अनुसार, कोरोना संक्रमण के दौरान भी एक दिन में इतनी मौतें नहीं हुई थीं। गंगा घाटों (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांवड़ मेले में सुरक्षा के रहेंगे कड़े प्रबंध



देहरादून(उद संवाददाता)। कांवड़ मेले में इस बार भी डीजे प्रतिबंधित नहीं रहेगा। यात्रा के दौरान कोई भी 12 फीट से ऊंची कांवड़ नहीं ला सकेगा। ये प्रमुख निर्णय पुलिस मुख्यालय में हुई अंतरराज्यीय समन्वय बैठक में लिए गए। बैठक में सात राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के पुलिस अधिकारियों और आईबी व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। तय किया गया कि हर कांवड़ यात्री को अपने साथ पहचानपत्र लाना अनिवार्य होगा। इस साल चार जुलाई से 15 जुलाई तक कांवड़ यात्रा का आयोजन होना है। पुलिस मुख्यालय में यह 18वीं अंतरराज्यीय व अंतर (शेष पृष्ठ सात पर)




## जेवर और नगदी समेत नाबालिग को भगाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा में युवक द्वारा नाबालिग लड़की को लाखों के जेवर व हजारों की नगदी समेत भगा ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोपी के विरूद्ध रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में परिजनों का कहना है कि रम्पुरा 8 निवासी ऋषभ पुत्र सुखलाल गत 13 जून की सायं उनकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुत्री अपने साथ घर में रखे करीब एक लाख रूपये कीमत के सोने के जेवरात व बीस हजार की नगदी भी ले गई है। पूर्व में (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसटीएफ ने 25 हजार का ईनामी ठग दबोचा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ टीम ने धोखाधड़ी के मामलों में पिछले कई माह से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा राज्य के इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा गैंगस्टर एवं इनामी अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश अपनी टीमों को दिए गए हैं। गत रात्रि सीओ एसटीएफ सुमित पांडे द्वारा प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में गठित एसटीएफ टीम द्वारा 3 दिन तक चले ऑपरेशन के बाद थाना ट्राँजिट कैम्प से फरार 25 हजार रूपये के ईनामी अपराधी निहाल सुमन पुत्र स्व. रविशंकर निवासी तराई विहार, रुद्रपुर को प्रीत विहार कालोनी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार ईनामी थाना ट्राँजिट कैम्प के धारा 420 आईपीसी के एक अभियोग में वाँछित चल रहा था। गौरतलब है कि 22 नवम्बर, 2022 को शैलेन्द्र कुमार निवासी भदईपुरा ने थाना ट्राँजिट कैम्प में (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में मजदूर की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक दो दिन से लापता था। उसका शव रेलवे ट्रैक पर बरामद किया गया है। मृतक मजदूरी करता था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हैं। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से खरिया तहसील तिलहर, थाना निगोही जिला शाहजहांपुर निवासी 28 वर्षीय सोनु पुत्र ओमप्रकाश ठेकेदार राम अयोध्या के अधीन मकानों की सेटरिंग का काम करता था। वह अन्य मजदूरों के साथ मटकोटा में रह रहा था। दो दिन पहले वह अचानक गायब हो गया। बीती शाम संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव रेलवे ट्रैक के पास बरामद किया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद शव कब्जे में ले लिया। एसआई प्रियंका टम्टा ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। श्रमिक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने साथी मजदूरों से पूछताछ की लेकिन उसने कोई जानकारी नहीं मिल पायी कि मृतक रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा।

## कैंटर और कार की भिड़ंत बाल-बाल बचे चार लोग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल रोड के पास कैंटर चालक ने खाद्य सुरक्षा निरीक्षक की कार को टक्कर मार दी। कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। मामला ज्योलिकोट के पास का है, खाद्य सुरक्षा निरीक्षक नैनीताल को जा रहे थे, कि अचानक तेज रफ्तार कैंटर गलत दिशा में आ रहा था और उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी, कैंटर कार को घसीटते हुए कुछ दूरी तक ले गया, गनीमत रही की कार खाई की तरफ नहीं थी, जिससे कार के अंदर बैठे चार लोग बाल-बाल बच गए। कार के अंदर जिला खाद्य अधिकारी संजय कुमार, खाद सुरक्षा निरीक्षक कैलाश टम्टा सहित अन्य दो अन्य लोग सवार थे, वह बाल-बाल बच गए। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक कैलाश टम्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंटर का चालक नशे में था, जिसने गलत साइड में वाहन चलाते हुए कार को क्षतिग्रस्त किया है। खाद सुरक्षा अधिकारी कैलाश टम्टा की तहरीर पर पुलिस ने चालक को हिरासत में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## विद्युत कटौती के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वार्ड 59 के निवासियों का विद्युत कटौती व विद्युत अव्यवस्था के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा। वॉर्ड पार्षद रईस अहमद गुड्डू के नेतृत्व में लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। गुड्डू ने कहा कि कल से स्वामी विहार, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी , आम का बगीचा में विद्युत लाइन खराब होने के कारण बिजली नहीं आ रही है। विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को जब भी फोन किया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ आया या फिर उन लोगों ने फोन ही नहीं उठाया। इससे लोगों



में आक्रोश पनप रहा है। गुस्साए लोगों ने लाइनमैनो को बंधक बना लिया। विद्युत विभाग के जेई से वार्ता के पश्चात लाइनमैनो को बंधक मुक्त किया गया। पार्षद रईस ने कहा अगर जल्द ही विद्युत सुचारू नहीं की गई तो विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन छेड़ा जाएगा।जिसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।

## फर्जी प्रमाण पत्र बनाने पर सीएससी का लाइसेंस निरस्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उपजिलाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने अवैध तरीके से दस्तावेज बनाने की पुष्टि होने पर तहसीलदार को सीएससी सेंटर का लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। एसडीम मनीष कुमार सिंह ने बताया कि तहसील कार्यालय को सीएससी सेंटर के माध्यम से स्थाई निवास प्रमाण पत्र हेतु एक आवेदन प्राप्त हुआ। आवेदन की जॉच के दौरान आवेदन के साथ संलग्न बिजली के बिल (शेष पृष्ठ सात पर)

# पिता को किया मैसेज :'पापा आपके दुश्मनों ने मुझे घेर लिया'

## गोली लगने से घायल किशोर खेत में मिला,गंभीर

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर के तिलियापुर ग्रामसभा में 15 वर्षीय किशोर गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन किशोर को शक्ति फार्म अस्पताल लाए कोई भी डाक्टर फार्मासिस्ट न होने पर युवक को शक्तिफार्म से सीएचसी सितारगंज ले जाया गया। जहाँ डॉ अभिलाषा पाण्डे ने घायल किशोर का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहाँ किशोर की हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगो का अस्पताल और घटनास्थल पर जमावड़ा लग गया । शुक्रवार को देर सायं रुद्रांश प्रताप सिंह पुत्र विक्रांत सिंह निवासी ग्रामसभा तिलियापुर, शक्तिफार्म को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गयी। परिजनों ने बताया कि पिता के मोबाइल पर रुद्रांश प्रताप ने मैसेज किया कि 'पापा आप जल्दी आ जाओ मैं खेत में हूं आपके दुश्मनों ने मुझे घेर लिया है। मुझे यहां से ले जाओ। मैसेज पढ़ते ही पिता विक्रांत सिंह भागते हुए मौके पर पहुंचे। यह खेत घर से करीब दो किमी दूर है। वहां रुद्रांश खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ था। परिजन उसे सीएचसी सितारगंज उपचार के लिए ले गये। सीएचसी में डॉ अभिलाषा ने बताया कि रुद्रांश के सिर के दांयी कनपट्टी पर सात सेमी लम्बी व सात सेमी चौड़ी व ढाई सेमी गहरी खुली चोट है। जिसमें रक्तस्राव हो रहा था। डॉ अभिलाषा पाण्डे ने प्राथमिक



ईलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। एसएसआई हरविंदर कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गये। उन्होंने परिजनों से जानकारी ली। सूचना मिलते ही सीओ ओमप्रकाश शर्मा, कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र बृजवाल, शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज जगदीश तिवारी व सिडकुल चौकी इंचार्ज चंदन सिंह बिष्ट पुलिस बल के साथ तिलियापुर में घटनास्थल पर पहुंच गये। यहां पुलिस को मौके पर तमंचा व सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुसाइड नोट में रुद्रांश प्रताप ने अपनी बीमारी का जिक्र करते हुए अपनी परेशानी लिखी है। पुलिस सुसाइड नोट की भी जांच कर रही है। सुसाइड नोट सही है तो तमंचा किशोर के पास कैसे पहुंचा और किसने दिया इसको भी पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार रुद्रांश प्रताप लगभग 2 वर्ष से अस्वस्थ था। एसएसआई हरविंदर कुमार ने बताया कि पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। इस घटना से परिजन व गांव के लोग गहरे सदमे में हैं।

# श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर बांटी राशन किट

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा डेरा साहिब लाहौर (वर्तमान पाकिस्तान) में कट्टरपंथी ताकतों के अलावा पारिवारिक विरोध के चलते ध र्म प्रचार धर्म की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले शहीदों के सरताज सिख धर्म के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर नमन करते हुए गुरबाणी पाठ अरदास के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 12 जरूरतमंद परिवारों को राशन किट प्रदान की गई । सिख मिशनरी कालेज लुधि याना की गदरपुर इकाई के संरक्षक हरविंदर सिंह ग्रोवर,संयोजक देवेंद्र सिंह द्वारा चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर संजीव सरना की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया डॉक्टर संजीव सरना ने जरूरतमंदों की सहायता के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि सभी को ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंह ने बताया कि गुरु अर्जुन देव द्वारा श्री अमृतसर में दरबार साहिब की स्थापना के उपरांत लाहौर में भयानक महामारी फैलने पर हजारों लोगों की मौत होने पर उनके पार्थिव शरीरों का उनके धर्म के मुताबिक अंतिम संस्कार करने के साथ जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटने के साथ गुरु का लंगर भी आयोजित किया गया था । यह सेवा उन्होंने कई माह तक लगातार सिख संगत के सहयोग से करवाई थी मुगल बादशाह जहांगीर के कार्यकाल में



कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के तहत गर्म तवा पर बैठाकर ,गरम रेत शीश पर डालकर तथा देग में उबालने के उपरांत रावी नदी में उनको शहीद किया गया था । 16 जून को नानकशाही मूल नानक शाही कैलेंडर के अनुसार गुरुद्वारा डेरा साहिब लाहौर में उनके शहीदी दिवस का शहीद कार्यक्रम आयोजित किया गया है 12 जरूरतमंद परिवारों को हरविंदर सिंह ग्रोवर के सौजन्य से राशन किट का वितरण किया गया । इस दौरान 1984 दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब में तत्कालीन सरकार द्वारा किए गए हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।इस मौके पर डॉ. संजीव सरना,डॉ.अंजनी कुमार ,डॉ मेघा, डॉक्टर राय ,तृप्ति ,प्रियंका, हीरा राठौर,एमएन गोस्वामी,अंजलि, सीमा, रानी,भूरेलाल,राजेश, चिरंजीव सिंह ग्रोवर,अर्ष वीर सिंह ग्रोवर, प्रीतम कौर, मनजिंदर कौर,पूजा, रीना आर्य, रवि कुमार आदि मौजूद रहे ।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शुक्रवार को जिलाधिकारी यगुल किशोर पन्त ने जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की जिला कार्यालय सभागार में गहनता से समीक्षा की।



समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने माहवार धीमी प्रगति पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कार्यों में धीमी प्रगति पर अधिशासी अभियंता जल संस्थान रामनगर का वेतन रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिये कि योजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन कार्यों के लिए जल संस्थान की ओर से अधिशासी अभियंता तरूण शर्मा को तथा पेयजलन निगम की ओर से अधिशासी अभियंता मृदुला सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया। जिलाधि कारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि पहले पानी पहुँचाया जाये और बाद में बिल। जिलाधिकारी ने पेयजल बिल तैयार करने के बारे में भी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश अभियंताओ को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि पानी की टंकी किसी भी गलत एवं विवादित स्थान पर न बनाई जाये। उन्होंने विलेज वॉटर एण्ड सैनिटेशन कमेटियों को भी संक्रिय रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समय-समय पर थर्ड पार्टी परीक्षण एवं जांच कराने तथा जांच आख्या कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश परियोजना निदेशक जिला जल एवं स्वच्छता मिशन को दिये।बैठक में मुख्य विकास अधि कारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण हिमांशु जोशी, अधिशासी अभियंता रामनगर मनोज गंगवार, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, तरूण शर्मा, ज्योति पालनी, परियोजना निदेशक जिला जल एवं स्वच्छता मिशन पद्मेन्द्र भण्डारी आदि उपस्थित थे।

# रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। देश में सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता भारत अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष के तत्वाधान में एनएसएस एनसीसी, स्वयं सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने रैली निकालकर लोगों को साफ सफाई के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, अधि शासी अधिकारी विमला जोशी के तत्वाधान में रैली में शामिल हुए बच्चों ने नगर के विभिन्न मार्गो में रैली निकालते हुए नगर वासियों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्लोगन लिखी तख्तियां व बैनर के माध्यम से साफ सफाई अपनाने की अलख जगाई। अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने कहा है कि प्रत्येक नागरिकों को जागरूक होकर स्वच्छता पर जोर देना होगा तभी हम स्वच्छ एवं सुंदर बनेंगे। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए किसी को भी पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने लोगों से बाजार से सामान लेने के लिए कपड़े के थैले का प्रयोग करने की अपील की। विमला जोशी ने कहा है कि इस रैली कार्यक्रम के आयोजन के पीछे मुख्य उद्देश्य है कि नगर पंचायत के प्रत्येक घर के लोग जागरूक हो सके की अपने घर के कचरा को नगर की नाली और गली में न फिर सके। क्योंकि




घर की सफाई करने के तत्पश्चात लोग अपने घर के सामने नाली और गली में कचरे को फेंक देते हैं जिसके कारण नगर की नाली कचरे से भर जाती हैं। बच्चों ने स्लोगन के माध्यम से हम सब ने यह ठाना है नानकमत्ता को स्वस्थ बनाना है नारे भी लगाएं। रैली में जनप्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग किया। रैली में शामिल अधिशासी अधिकारी विमला जोशी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश जोशी, समाजसेवी हरीश जोशी, उमेश राणा, सूरज, मुकेश राणा, कृष्णा भट्ट, सुमित राणा, महेश राणा, पूजा भट्ट, रजनी राणा, दान सिंह, राजेश सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप राणा, तरुण गुलाटी, ओंमकार, विकास, सोनू, आदि कर्मचारी मौजूद थे।

# रैली और नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हाईकोर्ट नैनीताल एवं शासन के निर्देश पर सोर्स सेग्रीगेशन, सिंगल यूज पॉलीथीन पर प्रतिबंध के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम, जिला





विधिक सेवा प्राधिकरण, 31वीं एवं 46वीं वाहिनी पीएसी की ओर से शनिवार को शहर में जनजागरूकता रैली निकाली गयी। साथ ही गांधी पार्क में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। नगर निगम में परिसर में मेयर रामपाल सिंह ने नगर निगम कर्मियो, पीएसी जवानों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारम्भ किया। रैली नगर निगम से डीडी चौक होते हुए अग्रसेन चौक होते हुए गांधी पार्क पहुंची। रैली के माध्यम से लोगों को घरों के आसपास साफ-सफाई रखने का संदेश दिया गया। कर्मचारियों ने गीला कूड़ा सूखा कूड़ा अलग अलग डिब्बों में रखने के लिए भी लोगों को जागरूक किया। गांधी पार्क में सभी ने श्रमदान कर कूड़ा एकत्रा किया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन पाठक ने सभी को स्वच्दता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खटीमा से आये कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि रैली और नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। जागरूक होकर जब प्रत्येक नागरिक अपने घर और आसपास सफाई करेगा, तो पूरे शहर की सफाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर के लोग जागरूक हों अपने घर के कचरे को गांव नाली और गली में न फैंकें। इध र उधर कूड़ा फैंकने से नालियां कचरे से भर जाती है और कचरा जब सड़ता हैं तो विभिन्न प्रकार के वायरस, जीवाणु पैदा होते हैं और आमजन को विभिन्न प्रकार की बीमारी पैदा करते हैं। लोगों को बिमारियों से बचाने के लिए ही स्वच्छता रैली का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया जा रहा है। मेयर ने कहा कि गीला कूड़ा और सूखा कूड़ अलग-अलग इसलिए रखा जाना चाहिए ताकि इसे आसानी से डिस्पोजल किया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन पाठक ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है। स्वच्छता अभियान में जनता की सहभागिता और जनप्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता को नियमित आदत में शामिल करने का आग्रह करते हुए जागरूक नागरिक होने का परिचय देने का कहा। उन्होंने कहा कि सुंदर और स्वच्छ शहर की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी को आगे आना होगा। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल,दीपक गोस्वामी, स्वास्थ्य अधिकारी हर्ष पाल सिंह चंडोक, सैनिटरी इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह, कुलदीप सिंह, गौतम सिंह, कपूर सिंह, देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश राजोरिया, सुनील कुमार, राजपाल सिंह, कालीचरण, कर्म सिंह दानू, महेंद्र सिंह धोनी, जगदीश कुमार, शुभम पाल, दीपक पंत, सपन मंडल, ममता आर्य, शिप्रा अधिकारी, मनोज कुमार, बलवंत सिंह आदि शामिल थे।

# कपड़े की बंद दुकान में भड़की आग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं आदर्श कॉलोनी घास मंडी में स्थित रेडीमेड कपड़े के बंद शोरूम में आग लग जाने से काफी नुकसान ही गया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार श्री गुरु नानक एंटरप्राइजेज शोरूम स्वामी इंदिरा कॉलोनी निवासी सुखदेव सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 3:30 बजे वह दुकान बंद करके काम के लिए गया था। कुछ ही देर में पड़ोस के दुकानदारों ने उन्हें फोन द्वारा सूचना दी कि उनकी बंद दुकान से धुआ निकल रहा है। इस पर उन्होंने पड़ोस के दुकानदारों से ताले तोड़कर आग बुझाने के लिए कहा तथा वह स्वयं भी दुकान की ओर मुड़ गए पड़ोसी दुकानदारों ने ताले तोड़कर शटर उठाया शटर उठाते ही धुए का गुबार बाहर निकला। आस-पड़ोस के लोगों द्वारा दुकान से सामान को बाहर निकाला गया। वह फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई फायर बिग्रेड की गाड़ी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी के अनुसार आग लगने का कारण शार्ट सर्किट का अंदेशा है। दुकान स्वामी के अनुसार घटना में उन्हें काफी नुकसान हुआ है।



आवश्यकता है
रूद्रपुर स्थित इमिग्रेशन आफिस के लिये फीमेल रिशेप्सनिस्ट, आईलेट्स ट्रेनर काउंसलर की।
सम्पर्क करें: 9760000055,7617600099

# एनडीआरएफ कैंपस में नारायण अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नारायण अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर की ओर से गदरपुर स्थित 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें भी किया। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ वाहिनी के प्रमुख अनिल कुमार ने विधिवत फीता काटकर किया। उन्होंने नि:शुल्क शिविर के आयोजन के लिए नारायण अस्पताल के एमडी डा.



वाहिनी के अधिकारियों कर्मचारियों एवं परिवारजनों का नि:शुल्क चेकअप कर जरूरी परामर्श दिया गया साथ ही नि:शुल्क दवाईयां भी बांटी गयी। इस अवसर पर वाहिनी के जवानों ने रक्तदान प्रदीप अदलखा समेत अस्पताल की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर में नारायण अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. अनु नामग्याल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. नंदिथा ए.एम., जनरल फिशियन डा. प्रशांत ने वाहिनी के जवानों एवं उनके परिजनों का हैल्थ चेकअप किया और उन्हें जरूरी परामर्श दिया। चिकित्सकों ने शिविर में आये लोगों को स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिये। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए लाईफ स्टाईल को व्यवस्थित करने के साथ ही रोजाना व्यायाम के लिए समय जरूर निकालें। शिविर के दौरान वाहिनी के जवानों ने रक्तदान भी किया। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले जवानों के साथ ही चिकित्सा शिविर में सेवाएं देने वाली नारायण अस्पताल की टीम को भी सम्मानित किया। शिविर में वाहिनी के प्रमुख अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शैलेश कुमार चौधरी, अजय पंत, अमृतलाल मीना, राम सिंह पटेल के अलावा नारायण अस्पताल की डायरेक्टर मोनिका करनवीर, राजन सिंह, निसार अहमद, तौकीर अहमद, पूनम आदि भी मौजूद थे।

# मौर्य क्रिकेट एकेडमी ने वारियर्स एकेडमी को एक पारी और 183 रनों से किया पराजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में जिले में चल रही अंडर 16 डेज जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का लीग मैच मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर और वॉरियर्स क्रिकेट एकेडमी के मध्य एमेनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें वॉरियर्स क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 58 ओवरों में 132 रनों पर पारी की घोषणा कर दी। जिसमें विराज सागर ने 65 ,कुणाल ने 40 रनों का योगदान दिया। मौर्य एकेडमी की तरफ से सचिन सकलानी ने 4 विवेक ,संस्कार श्रीवास्तव, अव्यक्त पांडे ने 1-1 विकेट लिया। मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर ने अपनी पहली पारी में 88 ओवर खेलते हुए 343 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें अर्जुन सिंह चौहान ने 73, निष्कर्ष भटेजा 22, मयंक 41, हार्दिक अरोड़ा ने 28 अव्यक्त पांडे ने 73 और नमन अवध में 34 रनों का योगदान दिया। वॉरियर्स एकेडमी की तरफ से कुणाल ने 5, दीपक साहू ने 4, और उज्जवल गुप्ता ने 1विकेट लिया। मौर्य क्रिकेट एकेडमी ने वॉरियर्स क्रिकेट एकेडमी पर पहली पारी के आधार पर



211 रनों की बढ़त प्राप्त कर ली। वॉरियर्स क्रिकेट एकेडमी मात्र 28 रनों पर आउट हो गई और यह मैच मौर्य क्रिकेट एकेडमी ने एक पारी और 183 रनों से जीत कर एक बोनस अंक के साथ कुल 7 अंक प्राप्त कर लिए हैं। अब मौर्य क्रिकेट एकेडमी ने अपने ग्रुप में कुल 20 अंक प्राप्त कर लिए हैं। इस मैच के अंपायर राजेंद्र कुमार और अमन प्रसाद ऑनलाइन विदिशा कर द्वारा की गई ।इस अवसर पर नूर आलम, बलवंत सिंह, इंद्रनील कर ,सुनील यादव, निर्भय सिंह और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। रविवार को एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर और एमेनिटी मदन लाल क्रिकेट एकेडमी के मध्य सुबह 9:00 बजे से मैच खेला जाएगा।

# सायंकालीन योग कक्षा में दिये स्वस्थ रहने के टिप्स

गदरपुर(उद संवाददाता)। आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस से पूर्व तैयारियां करते हुए पतंजलि योग समिति की महिला कमेटी द्वारा बुध बाजार स्थित श्री बताया कि सायं काल 5:30 बजे से 7:00 बजे तक लगने वाली योग कक्षा में भस्त्रिका,भ्रामरी,उज्जाई, अनुलोम विलोम,प्राणायाम सहित तमाम योग करवाए जा रहे हैं जिससे विभिन्न रोगों है साथ ही उन्हें आनंद पूर्वक अपना समय पास करने का भी मौका मिल रहा है । इस मौके पर सह योग शिक्षक निर्मला मित्तल और प्रियंका मिश्रा द्वारा सहयोग किया जा रहा है । शिविर में



सनातन धर्म मंदिर परिसर में सायं कालीन योग कक्षा का 1 माह से संचालन किया जा रहा है जिसमें लगभग 4 दर्जन महिलाओं द्वारा सहभागिता करके योग सीख कर लाभ उठाया जा रहा है पतंजलि योग समिति की योग शिक्षिका सुनीता बजाज ने जैसे पेट के रोग,मोटापा,साइटिका,कमर दर्द, सिर दर्द,हाथ पैरों में दर्द के अलावा सुस्ती थकावट जैसी समस्या का समाधान हो रहा है सहभागिता करने वाली महिलाओं ने बताया कि उन्हें योग की कक्षा में शामिल होकर कई प्रकार के रोगों में आराम प्राप्त हो रहा सुमन सुखीजा,प्रिया तिवारी,रोहिणी देवी,योजना रानी,गौरी कैड़ा,रितु ग्रोवर,बबीता शर्मा,आशु कालड़ा, पूजा अनेजा, लता, गुरविंदर कौर, मनमीत कौर,लक्ष्मी चौहान, मनजीत कौर,जसप्रीत कौर, प्रभजोत कौर,पूजा रानी सहित तमाम महिलाएं शामिल हो रही हैं । इधर वार्ड नंबर 7 स्थित शिव मंदिर प्रांगण में प्रात: 5:00 निशुल्क योग शिविर कक्षा संचालित की जा रही है पतंजलि योग समिति के शिक्षक महेंद्र छाबड़ा ने बताया कि प्रतिदिन प्रात: 5:00 बजे योग की कक्षा लगाई जाती है जिसमें दर्जनों लोग लाभान्वित हो रहे हैं उन्होंने बताया आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस पर विशाल कार्यक्रम किया जाएगा ।उन्होंने शिव मंदिर परिसर में प्रात: 5:00 बजे प्रतिदिन पहुंचकर योग कक्षा का लाभ उठाने की अपील की है ।

# दुकान के आगे खड़ी बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी में एक दुकान के आगे खड़ी मोटर साईकिल अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कल्लू पुत्र श्रीराम हरि निवासी शारदा कालोनी, ग्राम डिबडिबा, बिलासपुर ने कहा है कि वह मोहन इंजीनयर दुकान में नौकरी करता है। 13 जून को उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एआर 6873 को आदर्श कालोनी में पवन खुराना कन्स्ट्रक्शन सप्लायर के सामने लोक लगाकर खड़ा किया और काम करने के लिये अन्दर चला गया। कुछ देर बाद वापस आया तो उसका वाहन वहाँ पर नही था । खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई सुराग नही लगा। वाहन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस मे घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीएमएस राजेश सिन्हा की माता का निधन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ राजेश सिन्हा की माता जी 85 वर्षीय श्रीमती उमरावती वर्मा के आकस्मिक निधन पर जिले के लोकतन्त्र सेनानियों तथा वकीलों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष लोकतन्त्र सेनानी सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने स्वर्गीय माताजी के निधन को अत्यंत ही दुखदायी बताते हुए कहा कि किसी भी परिवार के सर से माँ का साया उठ जाना परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति होती है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा हर पुत्र के लिए माँ अनमोल होती है माँ के जाने के बाद उसे बेटा कह कर पुकारने वाले स्नेह से वंचित हो जाना पड़ता है। व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश छाबड़ा ने कहा माता जी का निधन हम सभी के लिए भी अत्यंत ही कष्टकारी है। लोकतन्त्रसेनानी एडवोकेट के एल तागरा ने कहा कि हर माँ परिवार के लिए अत्यंत ही प्रेरणादायक होती है और हर संकट में



एक वीरांगना के समान परिवार के साथ खड़ी होती है। श्रद्धांजलि सभा में एडवोकेट कमल चिलाना,राजेश तनेजा,पार्थ छाबड़ा,यशपाल घई, वीरेंद्र सुखीजा,लोकतन्त्र सेनानी जुगल किशोर बाम्बा,नरेंद्र दावड़ा, सरदार जसबीर सिंह कुमार, मोहनजीत सिंह सुखीजा, एडवोकेट बंटी ग्रोवर, गौरव मिड्ढा, श्रीमती पुष्पा तिवारी धमीजा, अर्चना छाबड़ा, संजीव फौगाट, गुरुबाज सिंह, रवि अरोड़ा, प्रियंका शर्मा, बार कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र नरूला, समाजसेवी श्रीमती जसविंद्र कौर छाबड़ा, नीलम डंग, इंद्रजीत डंग, नरेश कुमार सेठ, सुरेश मदान,नरेंद्र गगनेजा, एडवोकेट गौरव बिष्ट, डॉक्टर दिलीप राडिया, अविराज छाबड़ा, एडवोकेट गुरुबाज सिंह नारंग राहुल चिलाना, ओमैक्स सोसायटी अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी तथा सचिव अभिनव छाबड़ा समेत तनाम लोगों ने स्वर्गीय माताजी के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# किच्छा में जल्द स्थापित होगा फायर बिग्रेड स्टेशन: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा किच्छा में



जल्द ही फायरबिग्रेड स्टेशन की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया इस संबंध में दिनांक 5 जून 2023 को उत्तराखंड अपर सचिव गृह के द्वारा पत्रांक संख्या 384 के द्वारा उनको यह अवगत कराया गया है इस विषय में विश्व बैंक द्वारा घोषित परियोजना के अंतर्गत फायर यूनिट किच्छा के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है। विधायक तिलकराज बेहड़ ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा के 10 महत्वपूर्ण विकास योजनायें मांगी गई थी, तथा उनके द्वारा अपनी विधानसभा की प्रेषित योजनाओं में एक मुख्य योजना किच्छा फायर बिग्रेड स्टेशन की स्थापना की भी थी, विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा किच्छा जो की काफी पुराना शहर है, और पिछले कुछ वर्षों से यहां की आबादी तथा क्षेत्रफल काफी बढ़ गया है जिस कारण यहाँ फायर ब्रिगेड स्टेशन स्थापित करना आवश्यक हो गया था किंतु पूर्व के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण किच्छा को अपना फायर बिग्रेड स्टेशन अभी तक प्राप्त नहीं हो सका। इसी संबंध में उन्होंने सरकार से किच्छा में फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना हेतु मांग की थी, जिस की सैद्धांतिक सहमति सरकार द्वारा प्रदान की गई है। बेहड़ ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह उत्तराखंड आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि किच्छा क्षेत्रवासियों के हित में जल्द से जल्द किच्छा में फायर बिग्रेड की स्थापना की जाएगी।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# हर्षोल्लास से मनाया भारत भूषण चुघ का जन्मदिन





## समाजसेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के जन्मदिन पर विभिन्न संगठनों ने किया सम्मानित ,काटा केक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री, वरिष्ठ समाजसेवी व उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष तथा डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य कई संगठनों में महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेवारियां निभा रहे भारत भूषण चुघ का जन्मदिन परिजनों के साथ ही विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, स्पोर्ट्र्स से जुड़े संगठनों ने दूसरे दिन भी धूमधाम से मनाया। इससे पूर्व गत दिवस श्री चुघ अपने जन्मदिवस की शुरुआत प्रात: माता उर्मिला चुघ व पिता चुन्नीलाल चुघ के चरण स्पर्श कर उनका आर्शीवाद प्राप्त करके की। दिन चढ़ने के साथ ही जन्मदिन की बधाई देने के लिए उनके आवास एवं प्रतिष्ठान पर उनके रिश्तेदारों, मित्रों, शुभचिंतकों सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों का आना शुरू हो गया था। उनका कहना था कि उधम सिंह नगर जिले में एक समाजसेवी के रूप में श्री चुघ बड़ी शख्सियत हैं। चाहे कोरोना काल हो, निर्धन कन्याओं का विवाह कार्यक्रम या फिर गरीब बच्चों की पढ़ाई। भारत भूषण चुघ सभी कार्यक्रमों में सहयोग के लिए बढ़-चढ़कर आगे आते हैं और सभी में पूर्ण रूप से सहयोग करते हैं। यही कारण है कि उधम सिंह नगर जिले के लोगों के दिलों में श्री चुघ बसे हुए हैं। आवास एवं प्रतिष्ठान में आए लोगों की बधाई स्वीकार कर सभी का धन्यवाद तथा आभार व्यक्त करने के पश्चात श्री चुघ श्री बालाजी मंदिर, श्री राधा स्वामी सत्संग घर, श्री गुरुद्वारा साहिब आदि धार्मिक स्थानों पर गए। जहां उन्होंने शीश नवाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। लघु व्यापार मंडल के साथ ट्रांजिट कैंप वासियों ने भारत भूषण चुघ का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों ने माल्यार्पण कर भारत भूषण चुघ का स्वागत कर केक काटा और उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में देवताओं की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। सभी ने श्री चुघ को जन्मदिन की बधाइयां दीं और ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, प्रेम पाल गंगवार, कृष्ण पाल गंगवार, मुकेश कुमार गंगवार, शिव कुमार उर्फ सिब्बू, शिवांश छाबड़ा, दीपक राणा, जगमोहन गुप्ता, सुमित गुप्ता, विकास बंसल, सोनू सक्सेना, अमित गुप्ता, विष्णु सागर, देव ठाकुर, वीरपाल, सुमित बंसल, प्रमोद गर्ग, राकेश मंडल, जयदेव डाली, गोविंद गंगवार, राकेश अधिकारी, सागर मंडल, हनी रस्तोगी. ध्रुव गप्ता, मुकेश गंगवार, आदि मौजूद थे। वहीं दानपुर कीरतपुर मेंएनजीओ नेम रुद्रा मानव शिक्षा कल्याण समिति ने भी श्री चुघ को आर्मंत्रित कर उनका जन्मदिन मनाते हुए केक काटा। सभी ने ईश्वर से श्री चुघ के स्वस्थ जीवन तथा दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर सचिव विजय शिकारी, सदस्य विजय कुमार, अध्यापक नीलम यादव, करुणा मंडल आदि उपस्थित रहे। वहीं राष्ट्रीय योगी सेना, हनुमान मंदिर चौक, रम्पुरा, मनोज सरकार स्पोर्ट्र्स स्टेडियम, ओमैक्स कालोनी, भूरारानी, मुख्य बाजार, मटकोटा आदि स्थानों पर भी लोगों ने श्री चुघ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इधर कोतवाली के सामने भगवान संत कबीर दास मंदिर में कबीर पंथियों द्वारा श्री चुघ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। समाज के लोगों ने श्री चुघ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री हनुमान मंदिर चौक, रम्पुरा में पार्षद प्रतिनिधि अनिमेष कोली व भाजपा नेता राज कोली के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियो ने श्री चुघ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस मौके पर पांच केक काटे गए। सभी ने श्री चुघ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उनके दीर्घायु की कामना करते हुए शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गांधी कालोनी स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बंटी राजोरिया के नेतृत्व में समाजसेवी भारत भूषण चुघ का जन्मदिन हरशिल्लास के साथ मनाया। राजू गुप्ता व विशाल सिंह ने भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा श्री चुघ को भेंटकर उन्हें शॉल ओढ़ाकर केक काटा और जन्मदिन मनाया। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य तथा क्षेत्र के कई लोग मौजूद थे।अखिल भारतीय युवा कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मत राम कोली के नेतृत्व में कोली समाज के लोगों ने वरिष्ठ समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ का जन्मदिन कबीर आश्रम रम्पुरा में मनाया। सर्वप्रथम भारत भूषण चुघ ने सतगुरु कबीर मंदिर में आरती ने भाग लिया तत्पश्चात हिम्मतराम कोली ने अपनी टीम के साथ भारत भूषण का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं और बधाई दी। वहीं कबीर द्वार स्थित कबीर सत्संग आश्रम पर सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में कोली समाज के लोगों के साथ भारत भूषण चुघ ने केक काटा और एक दूसरे को खिलाया। इस इस मौके पर हिम्मतराम कोली ने कहा कि श्री चुघ जिस तरह से नि:स्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं वह अनुकरणीय है। इसी तरह हम सभी को निष्काम भाव से समाज की सेवा करनी चाहिए। श्री चुघ ने कहा कि उनके जीवन का उद्देश्य समाज सेवा है और उनका सौभाग्य है




कि उन्हें समाज सेवा करने का अवसर निरंतर प्राप्त होता रहता है और समाज सेवा के लिए स्वयं ईश्वर प्रेरणा देता है। इस मौके पर शैलेन्द्र कोली, राजकुमार कोली, अमलेश कोली, कोमिलराम कोली, नत्थूलाल कोली, प्रथ्वीदास, त्रिलोक दास, अमर दास, चंद्रपाल दास, जोगराज कोली, जसवंत कोली, ज्ञान कोली, बाबूराम कोली, ओमप्रकाश कोली, भूरे लाल कोली, हरी कोली, कृष्णा कोली, शिव कुमार कोली, जितेन्द्र कोली, हरीश कोली, देवेंद्र कोली, राजेश कोली, राजू कोली, प्रशांत कोली, प्रिंस कोली, सुभाष कोली, सुरेश कोली, पवन कोली, रामप्रसाद कोली, आनंद कोली, संजय कोली, राहुल कोली, प्रेम कोली जगदीश कोली, रितिक कोली, राज कोली, हर्ष कोली, भगवान दास कोली, राकेश आर्य, धर्मपाल कोली, मनीष कोली, संतोष कोली, पंकज कोली, आशु त्रिवेदी, मान सिंह श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग ने उपस्थित रहे। श्री चुघ ने दूधिया बाबा बनवासी कन्या छात्रावास में जाकर छात्राओं के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। वहीं उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा ने भी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान चेतन खनिजो, हनी ग्रोवर, राजू हुड़िया, सुरेंद्र सिंह सरजू, अक्षय बाबा, शिवांश छाबड़ा, जगजीत सिंह गोल्डी, दिलजीत सिंह, बलजीत सिंह गाबा, रोहित कालड़ा, नीटू हुडिया, राजू तरीका, नीलकंठ राणा, सनी धवन व उदय वार्ष्णेय मौजूद थे। राष्ट्रीय योगी सेना के नगर अध्यक्ष किशन पाल गंगवार, प्रेम पाल गंगवार, हनी रस्तोगी, गोविंद गंगवार ने श्री राम दरबार की प्रतिमा देकर से चुघ का जन्मदिन मनाया। बन्देमातृम ग्रुप के अध्यक्ष संजीव आर्य की अगुवाई में सभी सदस्यों ने श्री चुघ के प्रतिष्ठान पहुंचकर उनसे केक कटवाकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

## चुघ परिवार ने पिता-पुत्र का जन्मदिन एक साथ मनाया

रूद्रपुर। समाजसेवी भारत भूषण चुघ का 46 वां जन्मदिन परिजनों द्वारा भी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सभी परिजनों ने एकत्रित होकर श्री चुघ को उनके जन्मदिन की बधाई दी। श्री चुघ ने माता उर्मिला चुघ व पिता चुन्नीलाल चुघ सहित परिजनों के साथ मिलकर केक काटा तथा माता पिता का आर्शीवाद लिया। इस मौके पर श्री चुघ के पिता चुन्नीलाल चुघ का 74 वां



जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। सभी परिजनो ने उनके चरण स्पर्श कर आर्शीवाद लिया और उन्हें बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इस दौरान भारत भूषण चुघ, उनकी पत्नी कनिका चुघ,भाई तरुण चुघ, मनीष चुघ, भाभी लीना चुघ, परिधि चुघ, बहन सिल्की गाबा, दामाद अक्षय गाबा, बहन शालू गुलाटी, भांजे भांजी देवांश, भव्या, जीविका, शिवाय सहित नव्या, नमन, नयन व काव्या आदि मौजूद थे। घर में देर रात्रि तक गीत संगीत के साथ जन्मदिन की खुशियां मनाई जाती रही।




Advt.

# आंकड़ों में कम हुई 'महंगाई', मातृशक्ति को तनिक नहीं 'भाई'


## थोक महंगाई दर पिछले आठ साल के न्यूनतम स्तर पर, खुदरा महंगाई दर ने भी छुआ 25 माह का निचला पायदान, मगर धरातल के हालात जस के तस

-अर्श-

रूद्रपुर। सरकार एवं आरबीआई के तमाम प्रयासों के बावजूद आमजन को महंगाई से फिलहाल संतोषजनक राहत मिलने के आसार कुछ कम ही जान पड़ते हैं । आम जन की दृष्टि से खासी तकलीफदेह बात तो यह है कि सरकारी आंकड़ों मे थोक एवं खुदरा दोनों ही महंगाई दर लगातार घट रही है ,लेकिन धरातल में रोजमर्रा उपभोग की वस्तुओं की कीमतों पर इसका कोई असर नहीं दिख पड़ रहा । कदाचित यही कारण है कि शहर की मातृशक्ति ने उत्तरांचल दर्पण से हुई बातचीत में, महंगाई वृद्धि में कमी के सरकारी दावों को सिरे से खारिज कर दिया ।बात महंगाई से संबंधित हालिया जारी सरकारी आंकड़ों की करें तो, सरकारी आंकड़ों के अनुसार मई माह में थोक महंगाई दर पिछले 8 साल के न्यूनतम स्तर अर्थात 0 से 3.48 प्रतिशत नीचे पहुंच गई है । इससे पहले महंगाई की यह दर वर्ष 2015 में के नवंबर माह में 3 ।68 प्रतिशत दर्ज की गई थी । अप्रैल माह में थोक महंगाई दर 0.92 प्रतिशत थी ।इस तरह मई माह में थोक महंगाई दर मे 3.84 प्रतिशत की कमी आई है । पिछले साल मई माह में यही थोक महंगाई दर 16.63% दर्ज की गई थी। जहां तक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई अर्थात खुदरा महंगाई वृद्धि दर का सवाल है ? तो यह भी पिछले 25 माह के सबसे निचले स्तर अर्थात 4.25 प्रतिशत पर पहुंच गई है । जबकि पिछले साल इसी माह में यह 7. 04 थी । मई माह में खाद्य पदार्थों की



महंगाई दर 2 दशमलव 91 रही , जबकि पिछले महीने यह है 3.84 थी । वही अनाज की महंगाई दर बढ़कर 6.56 तथा दालो की महंगाई दर बढ़कर 12.65 प्रतिशत पर पहुंच गई है । आरबीआई के अनुसार मूल्य वृद्धि पर आरंभ से ही उसकी पैनी दृष्टि रही है और उसके महंगाई नियंत्रण के उसके प्रयास पिछले 25 माह से अनवरत जारी थे। सतत प्रयासों के बाद अब जाकर कहीं यह उत्साहवर्धक नतीजे सामने आ पाए हैं । बावजूद इसके धरातल में आमजन को महंगाई दर में आई यह कमी पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर पा रही। ऐसा होना लाजमी भी है, क्योंकि आमजन पिछले 25 महीने से महंगाई की मार लगातार सहता चला आ रहा है । ऐसे में उसका धीरज खो देना तनिक भी अस्वाभाविक नहीं लगता । वैसे देखा जाए तो बाजार में रोजमर्रा उपभोग की वस्तुएं मसलन दाल चावल आटा चीनी दूध अंडे आदि की कीमतों में कमी के लक्षण दिखाई भी नहीं दे रहे हैं । महंगाई के आंकड़ों से आमजन के आश्वस्त ना हो पाने का एक प्रमुख कारण पैक्ड फूड प्रोडक्ट्स में एफएमसीजी कंपनियों की कारगुजारी भी है । पिछले 25 माह के महंगाई के दौर में देश की तकरीबन सभी नामी एफएमसीजी कंपनियों ने रोजमर्रा उपयोग के अपने उत्पादों कोई घोषित मूल्य वृद्धि तो नहीं की, लेकिन पैकेट के अंदर की खाद्य सामग्री की मात्रा को कम करते चले गए । इस तरह की कमी प्राय: हर पैक्ड उत्पाद में नोटिस की जा रही है । मसलन बॉडी लोशन ,तेल ,शैंपू , साबुन आदि -आदि । बताना होगा की नहाने वाले साबुन की 100 ग्राम वाली टिक्की पहले 10 रुपया में मिलती थी । वर्तमान में नहाने वाले साबुन की सबसे छोटी टिक्की की कीमत तो 10 रुपया ही है लेकिन उसकी मात्रा घटकर 65 से 75 ग्राम तक ही रह गई है । जाहिर है कि ऐसी विसंगतियों के चलते महंगाई पूरी तरह काबू में आ जाने के भी आमजन को महंगाई के इस मोर्चे पर राहत मिल पाना लगभग असंभव है , क्योंकि पैक्ड प्रोडक्ट के भीतर की वस्तु की कीमत मात्रा, एक बार कम होने के बाद पूर्व की स्थिति में आने की संभावना कम ही रहती है । हां , सरकारी दखल के बाद यह स्थिति अवश्य बदल सकती है। पर अहम सवाल तो यही है कि क्या सरकार में बैठे लोग इस बारीकी को पकड़ पाएंगे ?और आमजन को महंगाई की मार से ,धरातल पर वास्तविक राहत दिला पाएंगे ?



दैनिक उपयोग की वस्तुओं में की कीमतें समय-समय पर घटती-बढ़ती रहती हैं । जब हमें माल सस्ता मिलने लगता है तो हम भी कीमतें कम कर देते हैं और जब माल की कीमतें पीछे से ही बढ़कर आती है तो हमें मजबूरी में कीमतें बढ़ानी पड़ती हैं । पिछले कुछ महीनों में खाद्य तेल और आटे की कीमत में थोड़ी कमी आई है ।बाकी खाद्य पदार्थों की कीमतों में कोई उल्लेखनीय कमी आती फिलहाल तो आती नहीं दिख रही । सरकार को चाहिए कि जैसे उसने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके खाद्य तेलों की कीमतें कम कराई है ,वैसे ही वह अन्य खाद्य पदार्थों की कीमत भी कम कराए ।

**-राजेश सक्सेना ,किराना व्यवसायी**




आंकड़ों में चाहे जो बताया जाए पर हकीकत में कहीं कोई राहत नहीं मिली है ।पहले कहा जा रहा था कि डीजल पेट्रोल के दाम बढ़ने के कारण महंगाई है लेकिन अब तो डीजल पेट्रोल के दाम कुछ कम हो गए हैं । उसके बाद भी खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी क्यों नहीं आ रही ? रिफाइंड और सरसों का तेल सस्ता होने से सामान्य लोगों को थोड़ी राहत मिली है । पर यह काफी नहीं है ।

**-श्याम बाला सैनी, हाउसवाइफ**




केवल आंकड़ों की बाजीगरी है । वास्तव में जनता को अभी तक महंगाई से कोई विशेष राहत नहीं मिल पाई है । दैनिक उपयोग की वस्तुओं विशेषकर खाद्य पदार्थों की कीमतें जस की तस है ।केवल खाद्य तेलों में की कीमतों में कुछ कमी आई है । मध्यमवर्ग पर महंगाई की विशेष मार हमेशा ही पड़ती है लेकिन यह वर्ग सरकारी विमर्श से बाहर ही रहता है सबके साथ साथ मध्यमवर्ग के लोगों का भी ख्याल रखा जाना चाहिए।

**-रामाधार साहनी ,रेस्टोरेंट संचालक**




हमारे यहां एक बार कीमतें बढ़ गई तो फिर नीचे नहीं आती । उत्पादक स्वप्रेरणा से कीमतें कभी कम नहीं करेंगे । सरकार को हस्तक्षेप कर रोजमर्रा की जरूरत वाली वस्तुओं की कीमतें कम करवाना चाहिए । मगर सरकार तो केवल आंकड़े देखकर यह मान लेती है कि जनता को राहत मिल गई । हकीकत में कुछ भी नहीं बदलता ।

**-दिव्या शर्मा ,कामकाजी महिला**



आंकड़ों में महंगाई कम होने से का कोई मतलब नहीं है । हम महंगाई मे कमी की बात तभी मानेंगे, जब हमें बाजार में वस्तुएं कम दाम पर मिलने लगे ।अभी तो बाजार में कुछ सस्ता नहीं हुआ है ।सब पहले जैसा ही है ।जो आंकड़ों में बताया जा रहा है वह व्यवहार में दिखना भी तो चाहिए ।

**-संयोगिता गंगवार, बिजनेस ओनर**



महंगाई पर सरकार आंकड़ों में चाहे जो भी बता रही हो ,लेकिन बाजार में कुछ भी सस्ता नहीं हुआ है । दैनिक जरूरत की सभी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं । किचन का बजट बुरी तरह गड़बड़ाया हुआ है । आम आदमी बड़ी मुश्किल से सब कुछ मैनेज कर पा रहा है ।

**-भावना चौहान, हाउसवाइफ**


गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682, चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666, पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084, रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999


# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## शिक्षा की नीतियां

आजादी के बाद जब शिक्षा नीति बनी तो उसका उद्देश्य उदारवादी ढंग से ज्ञान परंपराओं को समाहित करके बच्चों में तार्किक, वैज्ञानिक और नवोन्मेषी दृष्टि विकसित करना था। उसी ढंग से पाठ्यपुस्तकें तैयार की गईं। उन पुस्तकों को बनाने के लिए विभिन्न अनुशासनों और चिंतन-पद्धतियों के लोगों को शामिल किया गया। सबसे बड़ी बात कि पाठ्यपुस्तकों को दलीय राजनीति और सरकारी दबाव से बिल्कुल मुक्त रखा गया। मगर पिछले कुछ सालों से जिस तरह विभिन्न राज्यों और केंद्रीय संस्था एनसीईआरटी की किताबों में से पुराने पाठों को पूरा या आंशिक रूप से हटाने या नए पाठ जोड़ने को लेकर लगातार विवाद देखे जाते रहे हैं, उससे भारतीय शिक्षा-व्यवस्था पर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। पाठ्यपुस्तकों में राजनीतिक आग्रह या दुराग्रह आखिरकार विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। पिछले दिनों एनसीइआरटी की पुस्तकों में से कुछ पाठ हटाए गए थे। उसे लेकर पूरे देश में खासा विवाद पैदा हुआ था कि आखिर सरकार बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा देना चाहती है। अब एनसीइआरटी की राजनीति विज्ञान और समाज विज्ञान की पुस्तकों की सलाहकार समितियों से जुड़े करीब तैंतीस विद्वानों ने पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि उन किताबों की सलाहकार समिति से उनका नाम हटा दिया जाए, क्योंकि जो किताबें उन्होंने तैयार की थीं, उनका स्वरूप अब वही नहीं रह गया है। उधर कर्नाटक सरकार ने राज्य परिषद की पुस्तकों में से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और वीर दामोदर सावरकर आदि से संबंधित पाठ पुस्तकों से निकालने और उसकी जगह नेहरू, सावित्रिबाई फुले, आंबेडकर आदि की रचनाओं को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि कांग्रेस ने इसकी घोषणा अपने विधानसभा घोषणापत्र में ही कर दी थी। ऐसी घटनाएं दूसरे राज्यों में भी हो चुकी हैं। यह बिल्कुल हाल की प्रवृत्ति भी नहीं है। पिछले बीस सालों से इस प्रवृत्ति ने अब जैसे जड़ें पकड़ ली है। यह बहुत खतरनाक और चिंताजनक स्थिति है। बच्चों को क्या पढ़ाना है, यह इस बात से तय होता है कि भविष्य में देश को कैसा बनाना है। पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में कई तरह की विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। अब धीरे-धीरे शिक्षा गरीब लोगों के हिस्से से बाहर होती जा रही है। ऐसे में अगर सरकारें पाठ्यपुस्तकों में अपने नेताओं का महिमामंडन करने और विपक्षी दल के महापुरुषों का मानमर्दन करने पर तुल जाएं, तो आखिर हमारे देश की नई पीढ़ी की बुनियाद कैसी होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। जब भी पाठ्यपुस्तकें तैयार की जाती हैं तो उनमें पाठों का चुनाव करते वक्त इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि उससे बच्चे को व्यावहारिक और कार्य जीवन के लिए क्या सीखने को मिल सकता है। उसमें अपने समाज, पर्यावरण, संस्कृति, सभ्यता, मानवीय मूल्यों, राजनीतिक व्यवस्था आदि से जुड़े कितने आयाम वह ग्रहण कर सकता है। उससे उसकी कल्पनाशक्ति का कितना विकास हो सकता है। पुस्तकों का मकसद सिर्फ शिक्षित व्यक्ति नहीं, जिम्मेदार नागरिक तैयार करना होता है। पुस्तकों को सियासी रंग में रंग कर यह मकसद क्या हासिल किया जा सकता है? शिक्षा में दलगत राजनीति का प्रवेश किसी भी रूप में बच्चों के भविष्य के लिए अच्छा नहीं हो सकता। जब सत्ताधारी दल अपना निहित स्वार्थ किताबों में भर देना चाहते हैं, तो वे किताबें सिर्फ बोझ बन जाती हैं, ज्ञान की पोथी नहीं। इसलिए यह अपेक्षा शायद बेमानी नहीं कि राजनीतिक दल और सरकारें बच्चों की किताबों में खुद को न थोपें।

# खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी

काशी में जन्मी, विठूर में पली बढ़ी, झांसी में रानी का पद प्राप्त करने वाली लक्ष्मी बाई का जीवन संघर्षों की कहानी हैं। सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से टक्कर लेने वाली और ग्वालियर में अंग्रेजों से ही युद्ध करते हुये प्राणोत्सर्ग करने वाली वीरांगना लक्ष्मी बाई का साहस और व्यक्तित्व उनके हर कार्य में छलकता था। सन् 1853 ई. में गंगाधर राव की मृत्यु हो जाने पर रानी को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एक ओर सदाशिव राव भाऊ अपने को झांसी की गद्दी का असली उत्तराधिकारी होने का दावा कर रहे थे, तो दूसरी ओर पड़ोसी राज्य ओरछा की लड़ाई में सरकार झांसी राज्य हड़पने की योजना बना रही थी, ऊपर से अंग्रेजों की गिद्ध दृष्टि भी झाँसी पर लगी हुई थी। रानी लक्ष्मी बाई तीनों ओर से घिरी हुई थी। अंग्रेजों ने राजा रानी द्वारा गोद लिये-बालक दामोदर राव को उत्तराधिकारी स्वीकार नहीं किया। झाँसी की सेना अव्यवस्थित थी, युद्ध का सामान नहीं था। रानी के चारों ओर भयावह स्थिति थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में लक्ष्मी बाई ने बड़े धैर्य और साहस से कार्य किया। उन्होंने अपने चारों ओर मंडराते हुये युद्ध के बादलों को छितराने के लिये युद्ध सामग्री को एकत्रित किया। पहली बार रानी लक्ष्मी बाई ने स्त्रियों को युद्ध की शिक्षा देकर उनका अलग से सैन्य दल बनाया। सेना सुव्यवस्थित होते ही रानी ने सदाशिवराव पर आक्रमण कर उसे पराजित किया। ओरछा राज्य के सेनापति को युद्ध के मैदान से भगाया। वह अंग्रेजों से जा मिला किंतु रानी ने इसकी चिंता नहीं की। अंग्रेजों की दृष्टि पहले से ही झाँसी पर लगी हुई थी। जब अंग्रेजों ने अपने मित्र राज्य ओरछा की सेना की पराजय सुनी तो वे चौकन्ने हो गये। यह ऐसा था जब देश में अंग्रेजों के विरोध में आग सुलग रही थी। बिठूर में नाना साहब पेशवा और



तात्या टोपे अंग्रेजों से लोहा ले रहे थे अत: उद्देश्य एक था, अत: दोनों ही एक दूसरे की मुसीबत के समय सहायता को हमेशा तत्पर थे। रानी ने मर्दन सिंह को लिखे एक पत्र में लिखा था कि-विदेशियों का शासन भारत वर्ष में नहीं होना चाहिये।ˮ मर्दन सिंह ने भी रानी के विचारानारूप उनका तब तक साथ दिया जब तक कि वे जेल के सीखंचों के बाहर रहे। ह्युरोज की सेना के आगे मर्दन सिंह टिक नहीं सके। वे भागकर वसोदिया चले गये। ह्युरोज ने वहाँ भी आक्रमण कर दिया। मर्दन सिंह को यहाँ से भी भागना पड़ा। हयूरोज विद्रोहियों को हराता हुआ सागर पहुँचा। सागर से उसने झांसी के लिये कूच किया। रास्ते में उसने मर्दन सिंह और बखतवली को हराते हुये बानपुर पर भीषण आक्रमण किया। वहाँ से झाँसी की ओर बढ़ा। जनरल गेर के साथ ह्युरोज अपनी सशस्त्र सेना के साथ झाँसी पहुँचा। झाँसी के किले को उसने चारो ओर से घेर लिया। ऐसी विषम स्थिति में रानी ने तात्या टोपे को सहायता के लिये पत्र लिखा। इस समय तक मर्दन सिंह और बखतबली भागकर कालपी गये थे। झाँसी की ओर प्रस्थान करने के लिये तात्या टोपे नाना साहब से अनुमति प्राप्त कर बाईस हजार सैनिकों के साथ झांसी की ओर बढ़े, किंतु वह कुछ समय के लिये चरखारी में उलझ गये। वहाँ से चलकर तात्या टोपे ने मऊ में मुकाम किया। यहाँ से उसने झांसी की स्थिति का पता लगाकर युद्ध की घोषणा की। किंतु यह सेना झांसी तक नहीं पहुँच पाई। हयुरोज की सेना ने तात्या टोपे की सेना को झांसी के बाहर ही हटा दिया। अंग्रेजी सेना ने झांसी के किले में बार-बार आक्रमण कर झांसी पर कब्जा कर लिया। रानी को झांसी को छोड़ने पर बाध्य होना पड़ा। ह्युरोज को झांसी पर कब्जा करने के लिये वीरांगना लक्ष्मी बाई के साथ कठिन संघर्ष करना पड़ा था। उसने रानी की रणनीति, वीरता, युद्ध संचालन की बड़ी प्रशंसा की है। वहीं अंग्रेजों से अपने को बचाती हुई रानी कालपी पहुँच गई। कालपी में रहकर रानी ने पुन: सैन्य संगठन और युद्ध करने की योजना बनाई। हयुरोज भी मौन नहीं बैठा था। उसने एक भारी सेना कालपी पर अधिकार करने के लिये भेज दी। विद्रोहियों ने युद्ध में डटकर अंग्रेजों का सामना किया और महारानी लक्ष्मीबाई अंग्रेजों पर पर टूट पड़ी। घोड़े पर सवार, मुँह में लगाम थामे पीठ पीछे बालक दामोदर को बांधे और हाथ में भुजाला लिये रानी दोनों ओर से बैरियों को काटते हुये अपने सैनिकों को प्रोत्साहन दे रही थीं, किंतु अंग्रेजों के निरंतर आक्रमण के कारण रानी को युद्ध मैदान छोड़ना पड़ा। कालपी का किला भी अंग्रेजी के अधिकार में आ गया। रानी के साथ सभी विद्रोही कालपी छोड़कर ग्वालियर चले गये और वहाँ के किले पर अधिकार कर लिया। किंतु हयुरोज भी अपनी सेना लेकर ग्वालियर की ओर बढ़ा और मुरार नामक स्थान पर अपनी छावनी डाल दी। ग्वालियर का युद्ध रानी लक्ष्मीबाई अंतिम युद्ध था। रानी ने अंतिम सांस तक अंग्रेजो से युद्ध करते हुये वीरगति प्राप्त की। रानी लक्ष्मी बाई के धैर्य, साहस, रणनीति, युद्ध संचालन की सराहना स्वयं ह्यूरोज सहित अन्य तात्कालिन अंग्रेजों ने भी की है। धन्य है वह वीरांगना जिसने अपनी वीरता से दुश्मन को भी अपनी प्रशंसा करने को बाध्य कर दिया। तभी तो कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा है - खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी...।

**- सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# भगत दा के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर मरीजो को फल वितरण कर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने कहा भगत दा के 81 वें जन्मदिन के अवसर पर मरीजो को फल वितरण कर भगत दा की दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की काँमना की है ।उन्होंने कहा भगत दा उत्तराखंड के पूर्व मुख्य मंत्री के साथ साथ लोकसभा सासंद, महाराष्ट्र के राज्यपाल, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहित पार्टी के कई दायित्वों का निर्वहन कर चुके है ।उन्होंने कहा आज उत्तराखंड में भाजपा के पौधे को सींचकर एक वट वृक्ष के रूप में तैयार करने वाले भगत दा है जिनके अथक प्रयासों से उत्तराखंड ने दिन दूनी रात चौगनी तेजी से प्रदेश में विकास कार्यो



को अंजाम दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने कहा आज उन्ही के आशीर्वाद ओर उनकी प्रेरणा से ही हम सब भाजपा की सेवा कर रहे है और भगतदा की दीर्घायु की काँमना करते है। इस दौरान डॉ अंजनी,मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेश हुड़िया,कपिल अरोरा, चिंतन अरोरा, राजेश गुम्बर,मण्डल महामंत्री अनिल जेटली,लाखन सिंह कुनाल रस्तोगी, सुभाष खुराना सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्वालदम मोटर मार्ग में चक्काजाम कर जताया विरोध

गरुड(उद संवाददाता)। लश्करखेत के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान प्रदीप राठी के नेतृत्व में नेशनल हाईवे जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्वालदम मोटर मार्ग में ग्रामीण छुवा बैण्ड पर सड़क की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।आक्रोशित ग्रामीणों ने सरकार के हर गांव को सड़क से जोड़ने के दावे को झूठा करार दिया, वही जल्द गांव को सड़क से नही जोड़ने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी। 2019 से लगातार ग्रामीण सड़क की मांग करते आए हैं, चार बार धरना भी दे चुके हैं ग्रामीण,गांव में 85 परिवार सड़क सुविधा से वंचित हैं,छुवा बैण्ड से लेकर पिग्लों तक साढ़े चार किलोमीटर बननी है, रोड नही बनने से नाराज ग्रामीणों ने ग्वालदम मोटर मार्ग को जाम कर दिया ग्रामीणों द्वारा रोड नही तो वोट नही के नारे लगाते हुए सरकार व प्रशाशन के प्रति नाराजगी जताई, वही दो घंटे बाद तहसीलदार दीपिका आर्या ग्रामीणों को समझाने के बाद भी ग्रामीण नही माने उनके द्वारा अनुमति नहीं होने से परेशानी हो रही है, वन विभाग को पत्र भेजा गया है जैसे ही अनुमति मिलेगी लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड के टेंडर प्रक्रिया शुरू की जायेगी, उसके बाद भी ग्रामीण नही माने एक सप्ताह में सड़क निर्माण स्वीकृति के लिए फाइल शासन को भेज दिया जाएगा। जिसके बाद तहसीलदार के एक सप्ताह के आश्वासन के बाद धरना स्थगित कर दिया गया,जिसके बाद



लोक निर्माण विभाग को मौके पर बुलाने की बात कही जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विजेंद्र मेहरा जेई अनुज कुमार पहुंचे, उन्होंने ग्रामीणों को बताया की वन विभाग से और अधिकारियों के साथ तीखी नोकझोक शुरू हो गई, जिसके बाद ग्राम प्रधान प्रदीप राठी ने डीएफओ बागेश्वर से फोन पर बात की और उनके द्वारा एक हफ्ते का समय मांगा गया और कहा की यातायात सुचारू किया गया। धरना प्रदर्शन में ग्राम प्रधान ज्वणास्टेट सुशीला देवी ग्रामीण भगवत सिंह, शोबन सिंह, देवेन्द्र राम, बहादुर राम, हीरा देवी, कुंती देवी आशा देवी दुर्गा देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने राहगीरों को बांटे तीखे चने

गूलरभोज(उद संवाददाता)। गूलरभोज मेन मार्केट निकट रेलवे फाटक पर भगवान इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए व्यापारियों ने राहगीरों को तीखी मिर्च के चने का प्रसाद वितरित किये। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, रामकिशन दहूजा, सचिन दहूजा, दयाकिशन देवराड़ि, अर्पित अनेजा, दीपक छाबड़ा, राजकुमार, अजय सिडाना, संचित सिडाना, अशोक सिडाना, रीमित अरोरा, किशन सिडाना, शिवम रघुवंशी, नरेंद्र अरोरा एवं हरेंद्र तोमर आदि लोग उपस्थित थे।



# नहाने गये दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत

गरुड़(उद संवाददाता)।आए थे भक्तिमय होकर मंदिर में पूजा में शामिल होने, गर्मी हुई तो मन हुआ नदी में नहाने का और चले गए नदी के तालाब में नहाने,पहले किनारे ही नहाने का मन हुआ तो फिर दो दोस्तों ने सोचा तालाब को पार कर लेंगे, पर होनी को कुछ और ही मंजूर था,हंसी खुशी के बीच पांच दोस्त गोमती नदी में गर्मी में नहाने लगे,तभी अचानक दो युवक नदी के तालाब में डूबने लगे,जहां अन्य साथियों ने उन्हें बचाने की कोशिश भी की पर डूबने से दो युवाओं की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राजस्व पुलिस की टीम ने दोनों के शव कब्जे में लिए। घटना से पूजा में आए ग्रामीणों में कोहराम मच गया। खबर मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीणों का हुजूम उमड़ गया। शुक्रवार को गढ़वाल मंडल की थराली तहसील के लोल्टी ग्राम पंचायत के पास स्थित हरचन गांव से पूजा करने पांच युवक दोस्त की ऑल्टोकार में गोमती घाटी के मैगड़ीस्टेट स्थित प्रसिद्ध नृसिंह देवता के मंदिर में पूजा करने आए थे। विधिवत रूप से पूजा करने के बाद पांचों युवक गर्मी से निजात पाने के लिए नृसिंहचौरा गांव के पास गोमती नदी में नहाने उतर गए। थोड़ी देर बाद दो युवक नदी की गहराई में डूब गए। तीन अन्य युवक दोनों अन्य दोस्तों के पानी से बाहर आने का इंतजार करने लगे। बहुत देर तक जब वे बाहर नहीं निकले तो तीनों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। जब तक आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचते दोनों की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने उन्हें नदी से बाहर निकाला। घटना की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। आसपास के ग्रामीण भी नदी की ओर दौड़े। सूचना मिलते ही पिंगलों के राजस्व उप निरीक्षक राजेश कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लिया।

# स्वच्छता अभियान के लिए बनाई रूपरेखा

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता सप्ताह जिसका मुख्य उद्देश्य श्रमदान कार्यक्रम के माध्यम से गंदगी मुक्त करना तथा भविष्य में स्वस्थ रखे जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। 18 जून को सुबह सभी को शपथ दिलाई जाएगी जिसमें स्वयंसेवी संस्थाओं जनप्रतिनिधि व्यापार मंडल निकाय में संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। इस अवसर पर चेयरपर्सन अनिता दुबे, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, सभासद तरुण दुबे, रमेश सागर, भूपेंद्र आर्य ,पूनम आर्य ,गोविंद राजभर ,डॉ कुलदीप रघुवंशी, नरेश कुमार, तेज नारायण शुक्ला, निर्मला देवी आदि लोग उपस्थित थे।।



# मासूम की हत्या और दुराचार के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला सत्र न्यायालय और विशेष सत्र न्यायालय ने मासूम से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने और एक अन्य महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को दो अलग-अलग मामलों में फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।घटना के अनुसार बागेश्वर कोतवाली के गांव सातरतबे में ठेकेदार ने नेपाली मजदूरों को एक ग्रामीण के पुराने मकान में ठहराया था। वहां नेपाल का एक परिवार पहली बार इस गांव आया था। गांव के धीरज तिवारी व मकान मालिक के पुत्र ने गांव में नेपाल की महिला के साथ दुराचार किया और उसे हथियार दिखाकर धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया तो वह उसे व उसके परिवारजनों को जान से मार देगा। 18 जून 2022 को दिन में आरोपी पीड़ित महिला के घर गया और उसके साथ दुराचार किया। दोबारा दुराचार की कोशिश पर पीड़िता भाग गई। अभियुक्त उसके बगल के कमरे में चला गया जहां महिला की 18 माह की बच्ची सोयी थी। अभियुक्त ने मासूम के साथ दुराचार किया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और बच्ची के शव को लेकर पास के गधेरे में डाल दिया। इसके बाद फिर पीड़िता को धमकाया। पीड़िता के परिजन घर आए तो बच्ची घर में नहीं मिली। ढूंढ़ खोज पर बच्ची का शव गधेरे में मिला। मामले में कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की, विवेचना अधिकारी निरीक्षक इंद्रजीत द्वारा गहनता से मामले की जांच की गई,वही विवेचक इंस्पेक्टर इंद्रजीत द्वारा 19 जून को जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। 25 जून को धनराज की पत्नी ने बयान दिया। इसके बाद भी आरोपी महिला व उसके परिवार को धमकाता रहा। उसके घर का सामान बाहर फेंक दिया। पीड़िता व परिवारजनों ने हिम्मत कर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की। विवेचना अधिकारी इंस्पेक्टर इंद्रजीत ने आरोपी को गिरफ्तार कर चार्जशीट तैयार की। मामला विशेष सत्र न्यायाधीश आरके खुल्बे की अदालत में चला। विशेष लोक अभियोजन खड़क सिंह कार्की ने मामले में 21 गवाह परीक्षित कराए। जिला सत्र न्यायाधीश ने पीड़ित महिला के साक्ष्य और अन्य गवाहों के बयानों व पत्रावली के अध्ययन के बाद आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 302 में आजीवन कारावास, 25 हजार का जुर्माना, 302 में दो साल की सजा तथा धारा 55/ 6 पॉक्सो एक्ट में 20 साल की सजा व 25 हजार का अर्थदंड लगाया है। वहीं जिला सत्र न्यायालय में चले महिला से दुष्कर्म मामले में जिला अधिशासी अधिवक्ता फौजदारी गोविंद बल्लभ उपाध्याय और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी चंचल सिंह पपोला ने मामले की पैरवी करते हुए 10 गवाह पेश कराए। जिला सत्र न्यायाधीश आरके खुल्बे ने आरोपी को धारा 376/504 में दोष्घसिद्ध करते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड जमा नहीं करने पर आरोपी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगने की सजा सुनाई।

# पशुपालन मंत्री के निर्देश के बाद लंपी रोग से ग्रसित पशुओं का ईलाज शुरू

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)।लम्पी रोग से ग्रसित गोवंशीय पशुओं का ईलाज के लिए शुक्रवार को पशु चिकित्सा विभाग की टीम प्रभावित गांवों में पहुंची। टीम ने बीमार पशुओं का ईलाज किया। तथा बचाव के उपाय बताये।बेरीनाग ब्लॉक के ग्राम पंचायत पीपलतड़ के तोक छाना, झालडा, पीपलतड़ आदि गांवों के गौवंशीय पशु इन दिनों लंपी बीमारी से ग्रसित हैं। ग्रामीण कई दिनों से पशुपालन विभाग को सूचना देकर ईलाज के लिए टीम भेजकर गौवंशीय पशुओं का जीवन बचाने की गुहार लगा रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि पशु चिकित्सा विभाग केवल औपचारिकता निभा रहा था। शुक्रवार को ग्रामीणों ने दूरभाष पर पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा को गांवों में गौवंशीय पशुओं में फैले लंपी रोग के बारे में अवगत कराया। ग्रामीणों ने कैबिनेट बहुगुणा को बताया कि बीमार गायों का दूध दुहना बंद कर दिया है। गांवों में छोटे बच्चों के लिए दूध नसीब नहीं हो रहा है। क्योंकि अधिकांश गाय लंपी रोग से ग्रसित हैं। ग्रामीणों की दिक्कत सुनकर कैबिनेट मंत्री ने जिला पशु चिकित्साधिकारी को प्रभावित गांवों में टीम भेजकर तत्काल बीमार पशुओं का ईलाज के निर्देश दिये। शुक्रवार को पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने गांवों में पहुंचकर ईलाज शुरू किया। ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का आभार



जताया है। आभार जताने वालों में हरिराम कोली, पप्पू प्रसाद, शंकर कोली, प्रकाश कोली, त्रिलोक सिंह, प्रेम सिंह आदि रहे। वही बागेश्वर जिले में भी पशुपालन विभाग लगातार लम्पी वायरस से बचाव के लिए टीकाकरण और पशुओं को रोग से बचाव के लिए जागरूक भी कर रहा है, जिला पशुपालन अधिकारी ड़ा आर चंद्रा ने बताया कि विभाग लगातार युद्धस्तर पर पशुओं को लम्पी वायरस से बचाव के लिए कार्य कर रहा है।उन्होंने सभी पशुपालकों से पशुओं का टीकाकरण के साथ साथ किसी भी मवेशी की विमारी से होने वाली मौत पर मुवावजे हेतु पशुओं का बीमा कराने की अपील की, साथ ही सरकार द्वारा सामान्य वर्ग के पशुपालकों को बीमा में80 फीसदी जबकि अनुसूचित वर्ग के पशुपालकों को 90 फीसदी अनुदान पर बीमा दिए जाने की बात कही।

# तीस वर्षों से साईकिल पर मां पूर्णागिरि धाम आ रहे हैं जोकर कुलदीप सक्सेना

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। मां पूर्णागिरी देवी की आस्था से प्रभावित होकर लगातार 30 वर्षों से जोकर का रूप धारण कर साइकिल से मां पूर्णागिरि धाम की



यात्रा करने ग्राम बिलारी जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी कुलदीप सक्सेना उर्फ जोकर मंत्री आते हैं। जोकर मंत्री अपनी साइकिल यात्रा के दौरान लोगों को भाईचारे, प्रेम, सौहार्द का संदेश देते हैं। पूर्णागिरि धाम से लौटते वक्त उन्होंने उत्तरांचल दर्पण के संवाददाता को बताया कि पिछले तीस वर्षों से जोकर का रूप धारण कर मां पूर्णागिरि के दरबार में शीश नवाने साइकिल यात्रा पर आ रहें हैं। साइकिल से विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा भी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा के दौरान किसी से कोई सहयोग नहीं लेते हैं। अपने चाहने वालों को मां का प्रसाद बांटते हुए जाते हैं। उनका पेशा शादी बरातों व पार्टियों में जोकर का वेश धारण कर लोगों को हंसाना है।

# सिनेमा घर में हनुमानजी के लिए सीट आरक्षित



किच्छा(उद संवाददाता)। प्रभु श्री राम के जीवन पर आधारित फिल्म आदि पुरुष के प्रसारण के साथ ही नगर के उर्वशी सिनेमा हॉल एवं अनुपम सिनेप्लेक्स में विशेष पूजन के साथ फिल्म का प्रसारण आरंभ किया गया। इससे पूर्व उर्वशी सिनेमा के स्वामी कमल खुराना द्वारा भगवान श्री राम के परम भक्त भगवान हनुमान जी के लिए सीट सभी शो के लिए रिजर्व कर दी गई। इससे पूर्व उनके द्वारा भगवान हनुमान का चित्र उक्त सीट पर विराजमान कर उनका आवाहन किया गया। खुराना ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे आराध्य भगवान श्री राम के दूत हनुमान हमेशा उनके आगमन के साथ अवश्य उनसे मिलने पहुंचते हैं जिसकी आशा लेकर उक्त फिल्म के प्रसारण के दौरान चारों शो में उनके स्थान को संस्था द्वारा रिजर्व किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आराध्य प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए जीवन को सफल बनाने का काम करना चाहिए।

# पेयजल संकट को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेंद्र नगर वार्ड नंबर 12 में व्याप्त पेयजल संकट के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के नेतृत्व में जोरदार नारेबाजी प्रदर्शन किया। साहू ने कहा कि मोहल्ले में दो ट्यूबबेल होने के बावजूद जनता पानी की बूंद बूंद के लिये भटक रही है। महिलायें बच्चे पानी के लिये दूर तक भटक रहे हैं। विभाग के अधिकारी पेयजल व्यवस्था सही करने में पूरी तरह नाकाम हो रहे है।प्रीती आर्या ने कहा जहाँ भारी गर्मी में जनता बिजली पानी के लिए परेशान हो रही है। विभाग को ठोस कार्यवाही करनी चाहियें।



## पेज एक का शेष...

**कांवड़मेले में सुरक्षा...**इकाई समन्वय बैठक थी। बैठक की शुरुआत में एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह ने भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि बीते 15-20 सालों से कांवड़ यात्रा में यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हो रही है। इस साल भी लगभग चार करोड़ से अधिक यात्रियों के आने की संभावना है। कांवड़ मेला क्षेत्र को 12 सुपर जोन, 32 जोन और 130 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। कांवड़ यात्रा की व्यवस्था में लगे सभी नोडल अफसरों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। इसके अलावा सभी चेकपोस्ट और बैरियरों पर संयुक्त रूप से चेकिंग की जाएगी। बैठक के बाद डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस यातायात प्लान बनाएगी। सभी चौराहों और यात्रा मार्ग पर जागरूकता वाले बोर्ड लगाए जाएंगे। इस बार भी डीजे को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। बल्कि इसका ध्यान रखा जाएगा कि इसकी ध्वनि नियंत्रित रहे। सभी जगह इसके लिए इलेक्ट्रोनिक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। रास्तों में उपद्रव को रोकने के लिए खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर तैयारियां की जा रही हैं। कोई भी यात्री अपने साथ लाठी, बेस बॉल बैट, नुकीले भाले और अन्य हथियार नहीं ला सकेगा। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि यात्रा मार्ग पर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड पुलिस का सीसीटीवी कवरेज भी पूरी तरह से ऑनलाइन है। इसके लिए सभी कैमरों को गुगल मैप के माध्यम से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड पुलिस के 500 सीसीटीवी कैमरे हैं। जबकि, उत्तर प्रदेश पुलिस 1000 कैमरों से नजर रखेगी। उन्होंने बताया कि 333 सीसीटीवी कैमरे केवल हरिद्वार के मेला क्षेत्र में लगे हुए हैं।कांवड़ मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हरिद्वार क्षेत्र में पांच हजार से अधिक पुलिसकर्मी और अधिकारी तैनात रहेंगे। जबकि, पूरे यात्रा मार्ग पर इनकी संख्या सात हजार से भी अधिक होगी। इस बार 12 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स केंद्र से मांग की गई है।

**भीषण गर्मी ले रही...**पर पूरी रात चिता की आग शांत नहीं हो रही है। 50 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग सबसे ज्यादा मौत की चपेट में आ रहे हैं। अचानक मौत के आंकड़ों में इजाफा होने से अस्पताल प्रशासन में खलबली मची है। आनन-फानन में इमरजेंसी कक्ष, इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य वार्डों में कूलर और एसी लगवाए गए हैं। इसके बाद मरीजों को कुछ राहत मिल रही है। चिकित्सक लोगों को हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय बता रहे हैं।जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि डा. दिवाकर सिंह भीषण गर्मी के कारण अचानक डायरिया, हीट स्ट्रोक, तेज बुखार, सांस की समस्या वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई। मरीजों को समय से चिकित्सक सुविधा न मिलने के कारण हालत खराब होने पर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

**एसटीएफ ने ...**निहाल सुमन के विरुद्ध फर्जी तरीके से उसके अभिलेखों का इस्तेमाल कर एक्सिस बैंक रुद्रपुर शाखा से 6 लाख का लोन लेने सम्बन्धी मुकदमा पंजीकृत करवाया था। तभी से निहाल फरार चल रहा था। जिस पर एसएसपी द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। पिछले 6 माह में फरारी के दौरान निहाल उत्तराखण्ड व यूपी के कई स्थानों में छिपकर रह रहा था,और कभी-कभी चोरी छिपे घर आता था। एसटीएफ की इस कार्यवाही में उनि केजी मठपाल, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह व आरक्षी गुरवंत सिंह की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि उनकी एक टीम पिछले 3 दिनों से ईनामी निहाल सुमन पर काम कर रही थी। उस पर उत्तराखण्ड व उप्र में धोखाधड़ी, मारपीट व गालीगलौच के कुल 3 मुकदमें दर्ज हैं। इसके द्वारा फर्जी डॉक्यूमेण्ट के आधार पर बैंक से लोन लिया गया था। कल शाम टीम ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एसटीएफ द्वारा अब तक 34 ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। अभी बुधवार को टीम द्वारा 50 हजार रूपये के एक ईनामी अपराधी की गिरफ्तारी कोलकाता से की गयी है। उत्तराखण्ड एसटीएफ का ईनामी अपराधियों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान जारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ कुमाऊं यूनिट के निरीक्षक एमपी सिंह, उनि विपिन चंद्र जोशी, उनि केजी मठपाल, हेका जगपाल सिंह, हेका मनमोहन सिंह, हेका सुरेंद्र कनवाल,का गुरवंत सिंह तथा आवास विकास चौकी प्रभारी उनि नीमा बोरा शामिल थे।

**फर्जी प्रमाण पत्र...**का कूटरचित होना पाया गया। निरीक्षक द्वारा सीएससी सेंटर में जाकर की गई विस्तृत जांच पड़ताल में यह तथ्य सामनेआया कि बिजली का बिल सीएससी संचालक विशाल शर्मा पुत्र महेश चन्द्र शर्मा निवासी राजपुरा द्वारा कूटरचना करते हुए स्वयं फर्जी तरीके से तैयार किया गया। इस प्रकरण में आवेदिका मंजू पुत्री होरीलाल एवं सीएससी संचालक विशाल शर्मा पुत्र महेश चन्द्र शर्मा के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार करने एवं उसके आधार पर प्रमाण- पत्र प्राप्त करने के प्रयास में कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही सीएससी संचालक का लाईसेंस निरस्त करने की संतुति की गई है।

**जेवर और नगदी...** ऋषभ ने समझौता किया था कि वह पुत्री से कोई बात नहीं करेगा। पुलिस ने रपट दर्ज कर नाबालिग लड़की व आरोपी ऋषभ की खोजबीन शुरू कर दी है।

# दो युवक चाकू सहित गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान दो व्यक्तियों को वाहन चोरी करने के इरादे से घूमते मोटरसाईकिल की चाबियों के गुच्छे तथा दो अवैध चाकुओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी एसआई नीमा बोहरा साथी उपुलिस कर्मियों कानि० अर्जुन पाल, अनिल भारती गश्त के दौरान मोदी मैदान से दक्ष चौक की ओर जा रहे थे तो सब्जी मंडी के पास सड़क किनारे व्यक्ति दिखाई दिए । पुलिस को देखकर दोनों ब्यक्ति अलग-अलग होकर भागने लगे । जिस पर पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता एजाज नबी पुत्र अहमद नबी निवासी वार्ड नंबर 6, जगतपुरा, ट्रांजिट कैंप तथा महेश पाल पुत्र जानकी प्रसाद निवासी ग्राम पचपेड़ा, पुलिस चौकी भूडिया, थाना बहेड़ी, जिला बरेली हाल निवासी शिव नगर,ट्रांजिट कैंप बताया। जामा तलाशी लेने पर दोनों के पास से अलग-अलग मोटरसाइकिलो की चाबी का गुच्छा तथा एक एक अवैध चाकू बरामद हुए। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि दोनों आपस में दोस्त हैं तथा मिलकर नशा भी करते हैं। उन्होंने बताया अपने इसी शौक को पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल चोरी किया करते हैं तथा पकडे जाने से बचने के लिए व उसे डराने के लिए रामपुरी चाकू अपने पास रखते हैं । एजाज नबी से पूर्व में हुई मोटर साईकिल चोरी की घटना के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर एजाज नबी उपरोक्त द्वारा अपने जुर्म का इकबाल करते हुए गत 3 जून को दशमेश नगर रोड में अरोरा क्लिनिक के पास से चुराने की बात कही है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अल्मोड़ा पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। थाना चौकियों में पुलिस कर्मियों ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरुक किया। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरू के निर्देश पर चलाये जा रहे स्वच्छता सप्ताह के तहत जनपद के पुलिस लाईन व थाना/चौकियों में सम्बन्धित प्रभारियों द्वारा अधीनस्थ पुलिस बल के साथ श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यालयों, बैरिक भोजनालय व परिसर में साफ-सफाई की गयी। स्वच्छता अभियान के तहत जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए अपने घर व आस-पास के परिसर को गंदगी से मुक्त रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया।




## नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 01 में क्रमांक 151 पर श्रीमती पायल आहूजा पत्नी श्री ऋषि कुमार का नाम अंकित है। जिसको इकरारनामा बिक्री के आधार पर श्रीमती सुनीता रानी पत्नी श्री श्याम निवास निवासी वार्ड नं0 8 गदरपुर ने क्रय किया है। जिसकी पत्रावली नगर पालिका परिषद गदरपुर में प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया है जो गृहकर अभिलेखो में श्रीमती सुनीता रानी पत्नी श्री श्याम निवास निवासी वार्ड नं0 08 गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है।उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद- मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद् गदरपुर**



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा   समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवरेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000